02.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के शीतकालीन सत्र में चल रहे गतिरोध को समाप्त करने के लिए विभिन्न दलों के सांसदों के साथ बैठक की।

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने जयपुर में–राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट और भजनलाल सरकार की पहली वर्षगांठ के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

○ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा–प्रदेश में जल्द ही नई पर्यटन नीति लागू की जाएगी।

○ दिसम्बर का महीना शुरू होने के बाद भी प्रदेश में सर्दी का ज़ोर कम।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के शीतकालीन सत्र में चल रहे गतिरोध को खत्म करने के उद्देश्य से आज विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, श्री बिरला ने सभी सदस्यों से सदन को सुचारू रूप से चलने देने का अनुरोध किया। बैठक के दौरान, नेताओं ने लोकसभा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की।

बाद में संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस महीने की 13 और 14 तारीख को लोकसभा में संविधान के मुद्दे पर विशेष चर्चा होगी, जबकि 16 और 17 दिसंबर को राज्यसभा में चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि बैठक में मौजूद नेताओं ने संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए अपना समर्थन देने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने फिर से विपक्षी सांसदों और नेताओं से संसद को सुचारू रूप से चलने देने की अपील की।

000

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सस्ता और सुलभ बना रही है। आज नई दिल्ली में उन्होंने मीडिया को बताया कि देश में वर्ष 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन एक दशक में इनकी संख्या दोगुनी होकर 780 हो गई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को भी मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

.................

000

देश में पिछले साल की तुलना में इस साल पराली जलाने की घटनाओं में 68 प्रतिशत की कमी आई है। पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने आज लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में बताया कि वर्ष 2022 में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में पराली जलाने के 53 हज़ार से अधिक मामले दर्ज किए गए थे। इन राज्यों में इस साल 12 हजार 530 घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माना दोगुना कर दिया गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने में दो बार जयपुर का दौरा करेंगे। वे 9 दिसम्बर को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे। इसके बाद वे, भजनलाल सरकार के एक साल का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर जयपुर में आयोजित होने वाले समारोह में भी भाग लेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने मीडिया से कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की। श्री राठौड़ ने कहा कि धर्मान्तण संबंधी कानून बनने के बाद

प्रदेश में किसी का भी जबरन या बहला फुसलाकर धर्मांतरण नहीं हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह कानून बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान से प्रदेश में निवेश को नई गति मिलेगी और उद्योग लगने से राज्य का हर क्षेत्र में विकास होगा। श्री राठौड़ ने निकाय चुनावों में भी पार्टी की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र की सरकार हर तबके के विकास के लिए निरंतर जुटी हैं।

000

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के संकल्पों के तहत आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पांचवें संकल्प की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने का निश्चय किया है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्पित होकर काम कर रही है।
दौसा में आज राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 2 हजार 94 करोड़ रुपये से ज्यादा के 95 एमओयू किए गए। इन एमओयू से लगभग 58 सौ लोगों को रोजगार मिलेगा। इन्वेस्टर मीट में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत यह आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मीट में ऊर्जा, शिक्षा, मिनरल ग्राईंडिंग, होटल और पर्यटन, एग्रो प्रोसेसिंग और चिकित्सा क्षेत्रों में एमओयू किए गए हैं।

000

प्रदेश में जल्द ही नई पर्यटन नीति लागू की जाएगी। इस नीति के तहत प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए कई प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जयपुर में विभाग की एक बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह नीति लागू होने के बाद निवेशकों को विभिन्न विभागों में चक्कर नहीं लगाने होंगे और उनके काम सुगमता से होंगे। इससे पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जयपुर को और अधिक सुंदर बनाने तथा पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए तेजी से काम चल रहा है।

...............

000

केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अनेक विषमताओं से डरे बिना देश को नई दिशा दिखाई। वे आज बीकानेर के रायसर में ''हमारा संविधान–हमारा गौरव'' कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान अंगीकार के 75 वर्ष पूरे होने पर सालभर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे देश के नागरिकों को संविधान और बाबा साहेब के विराट व्यक्तित्व की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने कहा कि देश का संविधान हमें मौलिक अधिकार देता है। साथ ही कर्त्तव्यों की पालना की सीख देता है।

000

अलवर के सरिस्का बाघ अभ्यारण्य से एक बाघ के जयपुर ग्रामीण के रासावाला किलचपुरी वन क्षेत्र में पहुंचने की खबर है। इस बाघ की पहचान एसटी–2305 के रूप में हुई है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कैमरा ट्रैप से इस बाघ की तस्वीरें सामने आई हैं। इसके अलावा, सानकोटड़ा में वन कर्मियों को गश्त के दौरान बाघ के पगमार्ग दिखाई दिए थे, जिसके बाद क्षेत्रीय वन अधिकारी टहला और उनकी मॉनिटरिंग टीम ने आकर पगमार्क का निरीक्षण किया। बाघ के लगातार मूवमेंट और कैमरा ट्रैप में तस्वीर आने के बाद वन क्षेत्र में नियमित गश्त से मॉनिटरिंग की जा रही है।

000

अलवर में राज ऋषि कॉलेज के पास जंगल में एक पैंथर देखा गया है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पगमार्क का निरीक्षण किया और पुष्टि की कि यह पगमार्क पैंथर के ही हैं। जिला वन अधिकारी राजेन्द्र हुड्डा ने बताया कि कॉलेज के चारों ओर 50 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में घना जंगल है, जहां पैंथर छिपा हो सकता है। उन्होंने बताया कि वन विभाग उसे ढूंढने की भरसक कोशिश कर रहा है।

...............

000

दिसम्बर का महीना शुरू होने के बाद भी प्रदेश में सर्दी जोर नहीं पकड़ पाई है। आज भी एक–दो स्थानों को छोड़कर ज्यादातर जगह रात का पारा 10 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया है। बीती रात माउंट आबू में सबसे कम तापमान 6 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस मापा गया। इसके अलावा, सीकर में 8 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस वहीं चुरू में 9 दशमलव 8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले चार–पांच दिनों में तापमान में कोई विशेष बदलाव के आसार नहीं है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस बार नवम्बर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि मानसून की विदाई के बाद अब तक एक बार भी बारिश नहीं होने से सर्दी कम पड़ रही है।

.................

000

झुंझुनूं जिले के नयासर में आज एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच घायल हो गये। ये हादसा एक तेज रफ्तार कार के मोटरसाइकिल को टक्कर मारने से हुआ और बाद में कार बेकाबू होकर एक दुकान में जा घुसी। तीन गंभीर घायलों को जयपुर रैफर किया गया, जिनमें से एक की मौत हो गई। तीन अन्य घायलों का झुंझुनूं के भगवान दास खेतान अस्पताल में इलाज चल रहा है।

वहीं नीम का थाना में हुए एक सड़क हादसे में 12 लोग घायल हो गये। घायलों को अजीतगढ़ के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। ये दुर्घटना उस समय हुई, जब बाइक सवार को बचाने के प्रयास में जीप पलट गई।

000

गृह रक्षा संगठन के 62वें स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की श्रृखंला में आज जयपुर में महिला खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र जयपुर के विभिन्न सेक्टरों और उपकेंद्रों की होमगार्ड स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर की कमांडेंट सुमन ढाका ने बताया कि प्रतियोगिता में सेक्टर 5 और ग्रामीण की संयुक्त टीम ने विजय हासिल की, जबकि सेक्टर 1 और 2 की संयुक्त टीम उपविजेता रही। स्थापना दिवस के तहत सप्ताहभर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

000